उत्तराखण्डसंस्कृतविश्वविद्यालय, हरिद्वार

UTTARAKHAND SANSKRIT UNIVERSITY, HARIDWAR

बहादराबाद, हरिद्वार-दिल्लीराष्ट्रीय राजमार्ग

BAHADARABAD, HARIDWAR-DELHI NATIONAL HIGHWAY

पो० -बहादराबाद (हरिद्वार)- 249402

P.O. : BAHADARABAD (HARIDWAR)-249402

Website : www.usvv.ac.in

पत्रांक: मैमो /निर्वाचन/2026–27 दिनांक 18 सितम्बर, 2026

कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय छात्रकल्याण परिषद् निर्वाचन समिति 2026–27 की बैठक दिनांक 18.09.2026 में लिये गये निर्णय के अनुक्रम में सूच्य है कि विश्वविद्यालयीय छात्रकल्याण परिषद् के **शासनादेश संख्या–432988/XXIV–C–1/2026–ई–108449/12(12)2026 उच्च शिक्षा अनुभाग–1 देहरादून दिनांक 17 सितम्बर, 2026 के अनुक्रम में छात्रसंघ चुनाव में छात्राओं के प्रतिनिधित्व हेतु 50 प्रतिशत की व्यवस्था के अनुक्रम में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में निम्नवत् आरक्षण व्यवस्था लागू की जाती है। अध्यक्ष (अनारक्षित), उपाध्यक्ष (आरक्षित छात्राओं हेतु), सचिव (अनारक्षित), सह–सचिव (आरक्षित छात्राओं हेतु), कोषाध्यक्ष (आरक्षित छात्राओं हेतु), विश्वविद्यालय प्रतिनिधि (अनारक्षित)** सभी पदों हेतु निर्वाचन दिनांक 29.09.2026 को सम्पन्न होगा। निर्वाचन से सम्बन्धित कार्यों हेतु महत्वपूर्ण तिथियॉ इस प्रकार निर्धारित की गयी है :–

क्र.सं.	निर्वाचन सम्बन्धित कार्य	दिनांक	समय
1	नामांकन पत्र वितरण	19.09.2026 21.09.2026	11:00 से 01:00 11:00 से 01:00
2	नामांकन पत्र जमा	22.09.2026	11:00 से 01:00
3	नामांकन पत्रों का परीक्षण	23.09.2026	10:00 से 11:00
4	शिकायत निवारण समिति की बैठक	23.09.2026	12:00 बजे
5	अपूर्ण/निरस्त आवेदनों की सूची का प्रकाशन	23.09.2026	12:00 से 02:00
6	नामांकन वापसी	23.09.2026	11:00 से 01:00
7	अर्ह प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन	23.09.2026	03:00 बजे
8	प्रत्याशियों का सम्बोधन, सामान्य सभा	24.09.2026	11:00 से 01:00
9	मतदान	29.09.2026	09:00 से 02:00
10	मतगणना	29.09.2026	03:00 बजे
11	विजयी प्रत्याशियों की घोषणा	29.09.2026	04:30 बजे
12	शपथ ग्रहण समारोह	29.09.2026	05:00 बजे

(प्रो. दामोदर परगांई)
मुख्य चुनाव अधिकारी

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय को मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव महोदय।
3. कुलानुशासक महोदय।
4. छात्रकल्याण अधिष्ठाता।
5. समस्त संकाय प्रमुख।
6. वित्त नियन्त्रक महोदय।
7. बेबसाइट प्रभारी (सूचना प्रसारणार्थ)
8. सूचना पट्ट।
9. निर्वाचन कार्यालय प्रति।
10. गार्ड फाईल।

(प्रो. दामोदर परगांई)
मुख्य चुनाव अधिकारी

उत्तराखण्डसंस्कृतविश्वविद्यालय, हरिद्वार

UTTARAKHAND SANSKRIT UNIVERSITY, HARIDWAR

बहादराबाद, हरिद्वार–दिल्लीराष्ट्रीय राजमार्ग

BAHADARABAD, HARIDWAR-DELHI NATIONAL HIGHWAY

पो0 –बहादराबाद (हरिद्वार)– 249402

P.O. : BAHADARABAD (HARIDWAR)-249402

Website : www.usvv.ac.in

पत्रांकः प्रभो / निर्वाचन / 2026–27 दिनांक 18 सितम्बर, 2026

आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि छात्र कल्याण परिषद् चुनाव 2026–27 की आचार संहिता पूर्णतयाः लागू है। विश्वविद्यालय में शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु जिसका कड़ाई से अनुपालन किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। किन्तु संज्ञान में आया है कि विश्वविद्यालय छात्र नीति में सक्रिय सभी छात्र समूह के साथ बाहरी अवांछित तत्वों का भी प्रवेश चाहे–अनचाहे हो रहा है, जो चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। भविष्य में दिनांक 29.09.2026 तक किसी भी छात्र समूह के साथ अवांछित तत्वों के विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश की स्थिति पाई जाने पर सम्बद्ध प्रत्याशी/उम्मीदवार उत्तरदायी होगा। यहाँ तक कि उसके चुनाव हेतु अयोग्य घोषित होने की कार्यवाही भी की जा सकती है।

अतः चुनाव प्रक्रिया एवं विश्वविद्यालय की मर्यादा हेतु सभी छात्रों का सहयोग अपेक्षित है।

(प्रो. दामोदर परगांई)
मुख्य चुनाव अधिकारी
सत्र 2026–27

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. कुलानुशासक।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण परिषद्, उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।
5. सूचना पट्ट।
6. कार्यालय प्रति।

(प्रो. दामोदर परगांई)
मुख्य चुनाव अधिकारी
सत्र 2026–27

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

दिनांक 18 सितम्बर, 2026

पत्रांक मैमो / छा.क.प. चुनाव / 2026–27

सूचना

जैसा कि आप अवगत हैं कि, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर, हरिद्वार में दिनांक 29 सितम्बर, 2026 को सम्पन्न होने वाले छात्र कल्याण परिषद् के चुनाव के संबंध में समस्त दलों के समस्त छात्रों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय में चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। शान्तिपूर्ण, स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निम्नलिखित बिन्दुओं का अनुपालन किया जाना अनिवार्य है :–

1. विश्वविद्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में लाउडस्पीकर, बैनर, मतदान सामग्री एवं प्रचार–प्रसार विषयक सामग्री का प्रर्दशन करना अथवा लगवाना पूर्ण वर्जित है।
2. लिंगदोह समिति के नियमानुसार अध्यक्ष छात्र कल्याण परिषद् सत्र 2026–27 को निर्देशित किया जाता है कि छात्र कल्याण परिषद् निर्वाचन सत्र 2026–27 के शान्तिपूर्ण, स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से छात्र कल्याण परिषद् कार्यालय स्थित समस्त सामग्रियों की सूची बनाकर एवं D.S.W. से सत्यापन कराकर तथा उक्त कार्यालय में सुरक्षित तरीके से ताला बन्दकर चाबी एवं सूची छात्र कल्याण अधिष्ठाता के पास दिनांक 19.09.2026 को सांय 04:00 बजे तक उपलब्ध कराकर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा के अनुरूप अपना सहयोग कराना सुनिश्चित करें।
3. विश्वविद्यालय परिधि में समस्त छात्र समूहों को आदेशित किया जाता है कि परिसर में बाहरी नेता अथवा विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों का दिनांक 19.09.2026 से 29.09.2026 तक अनावश्यक प्रवेश वर्जित है। अन्यथा अनुशासनात्मक / दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
4. भूतपूर्व छात्र अथवा भूतपूर्व छात्र नेता / बाहरी व्यक्ति का चुनाव से संबंधित कार्यों हेतु प्रचार–प्रसार हेतु विश्वविद्यालय में प्रवेश वर्जित रहेगा। अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
5. विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययनरत छात्र / छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वह परिसर व परिसर से बाहर भरपूर सहयोग दें तथा अनुशासन व्यवस्था बनाये रखें।

18/09/26

(प्रो. दामोदर परगाई)
मुख्य चुनाव अधिकारी
छात्र कल्याण परिषद् चुनाव 2026–27
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार।

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव महोदय।
3. कुलानुशासक महोदय, उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।
4. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।
5. कार्यालय प्रति।

(प्रो. दामोदर परगांई)
मुख्य चुनाव अधिकारी
छात्र कल्याण परिषद् चुनाव 2026–27
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार।